क्रमाक/प्रशासन/राजभाषा/नराकास/जावक- 1544-1605

कार्यालय अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास)

एवं महालेखाकार (सामान्य एवं सामाजिक क्षेत्र लेखा परीक्षा)

मध्यप्रदेश, ग्वालियर - 474002

OFFICE OF THE CHAIRMAN TOWN OFFICIAL LANGUAGE IMPLEMENTATION COMMITTEE (TOLIC) AND

ACCOUNTANT GENERAL (General & Social Sector Audit)

MADHYA PRADESH, GWAIOIR-474002

213

दिनांक / DATE - 27/01/2020

प्रति,

नराकास ग्वालियर

डाक सूची अनुसार

विषय- नराकास, ग्वालियर के वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2020 के अंतर्गत आयोजित व्याख्यान समारोह का कार्यवृत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत नराकास, ग्वालियर के वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2020 के अंतर्गत दिनांक 16.01.2020 को व्याख्यान समारोह का आयोजन कार्यालय के पंचम तल स्थित सभा कक्ष में किया गया । व्याख्यान समारोह में कुल 17 कार्यालयों से 28 अधिकारियों / कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय सचिव, नराकास एवं उप महालेखाकार/प्रशासन श्री जितेन्द्र तिवारी जी ने की । कार्यक्रम में व्याख्यान; कार्यालय, केंद्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय, केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के उप कमांडेंट श्री संजीव शर्मा जी द्वारा दिया गया| श्री संजीव शर्मा जी ने अपने कार्यालय से सम्बंधित सभी महत्वपूर्ण तथ्यों पर पी. पी. टी. के माध्यम से विस्तृत व्याख्यान दिया| व्याख्यान के अंत में श्रीमती स्वर्णलता गुप्ता,स.ले.प.अ./हिंदी अनुभाग ने श्री संजीव शर्मा एवं उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया तथा सचिव, नराकास एवं उप महालेखाकार/प्रशासन की अनुमति से व्याख्यान समारोह की कार्यवाही संपन्न घोषित की गई|

नराकास, ग्वालियर के वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत माह फरवरी में **दिनांक-19.02.2020 को अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे** तक काव्य पाठ का आयोजन किया जाएगा| अतः उक्त कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी सदस्य कार्यालय अपना नामांकन **दिनांक 10.02.2020** तक नराकास, ग्वालियर की ईमेल आईडी (agaumadhyapradesh1@cag.gov.in) या व्हाट्सअप समूह पर देना सुनिश्चित करें|

नराकास, ग्वालियर के समस्त सदस्य कार्यालय नराकास ग्वालियर की संयुक्त पत्रिका "प्रयास" के लिए **दिनांक 31.01.2020** तक रचनाएँ प्रेषित करना सुनिश्चित करें ।

भवदीय

सचिव

नराकास,ग्वालियर